MY NET TV
डिजिटल समाचार
निष्पक्ष,निर्भीक,निश्छल
Monday 10th November 2025
website: mynettv. online

राजकीय महाविद्यालय धामी में पीटीए की आम सभा सम्पन्न — नई कार्यकारिणी का गठन

धामी, 10 नवम्बर 2025 — राजकीय महाविद्यालय धामी (सोलह मील) में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने की।

इस अवसर पर सत्र 2025-26 के लिए पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। नवगठित कार्यकारिणी इस प्रकार है —

अध्यक्ष: पवन शर्मा
वरिष्ठ उपाध्यक्ष: अनूप गुप्ता
उपाध्यक्ष: सुनीता ठाकुर
सचिव: डॉ. विक्रांत संकलानी
संयुक्त सचिव: रेखा देवी
कोषाध्यक्ष: खेम चंद

सदस्य: डॉ. गोदावरी गर्ग, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. नवीन ठाकुर, नरेश कुमार, निखिल शर्मा और हेमचंद शर्मा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने सर्वसम्मति से चयनित नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि पीटीए संस्था महाविद्यालय और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सेतु का कार्य करती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवगठित कार्यकारिणी शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन, विद्यार्थियों की उपस्थिति और संस्थान के समग्र विकास की दिशा में सार्थक भूमिका निभाएगी।

बैठक के दौरान महाविद्यालय में नए कोर्स आरंभ करने, शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने और परिसर के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

पीटीए अध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक संघ महाविद्यालय के विकास और विद्यार्थियों की भलाई के लिए हर संभव योगदान देगा। उन्होंने सभी अभिभावकों और शिक्षकों से सामूहिक प्रयास के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को और ऊँचाई तक पहुँचाने का आह्वान किया।